अनुसूचित जाति / जनजाति कल्याणर्थ प्रकोष्ठ
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक अनु.जाति / जनजाति प्रकोष्ठ / 2011 /643 दिनांक 9/12/2011

प्रति,
प्राचार्य,
समस्त निजी महाविद्यालय,(छात्रवृति संबंधी)
ग्वालियर

विषय – सत्र 2011–12 की छात्रवृति हेतु आवेदन पत्र प्राप्त न होने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि जिला कलेक्टर, ग्वालियर एवं इस नोडल केन्द्र, के द्वारा बार–बार अवगत कराने के उपरान्त भी सत्र 2011–12 की छात्रवृति हेतु आवेदन–पत्र आपके महाविद्यालय से इस कार्यालय में आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुए हैं, जबकि 31 दिसम्बर, 2011 तक अनिवार्यतः छात्रवृति राशि का भुगतान किया जाना हैं।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि छात्रवृति आवेदन पत्रों को अनुसूचित जाति / जनजाति कल्याणर्थ प्रकोष्ठ में शीघ्रअतिशीघ्र भिजवाने की व्यवस्था करें, समयावधि में, यदि छात्रवृति राशि का भुगतान आपकी ओर से लंबित रहता है तो इसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

भवदीय
कुलसचिव

प्रतिलिपि –

1. सहायक आयुक्त, आदिमजाति कल्याण विभाग, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

प्रभारी
अनु.जाति / जनजाति प्रकोष्ठ